




### एक नजर में

## शामगढ़ नगर में नि :शुल्क चिकित्सा जांच शिविर में 150 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**शामगढ़ ।** 'पहला सुख निरोगी काया' की उक्ति को चरितार्थ करते हुए शामग? नगर में विशाल नि :शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर जीसीएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद, जिला सेन समाज, मंदसौर, नंद सेवा संकल्प समिति, मंदसौर और 'भलाई की सप्लाई' टीम, शामग? के संयुक्त तत्वावधान में गरोठ रोड स्थित सरदार पटेल हॉस्पिटल (एसपी हॉस्पिटल) में संपन्न हुआ। शिविर में जीसीएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा मरीजों को नि :शुल्क परामर्श दिया गया। इस दौरान जनरल सर्जरी व पेट के समस्त रोग, किडनी और पित्ताशय की पथरी, कैंसर, हर्निया, बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला, सिस्ट, अपेंडिक्स और प्रोस्टेट आदि रोगों के ऑपरेशन के लिए उचित मार्गदर्शन व इलाज किया गया। साथ ही, कान-नाक-गला रोग (इएनटी) जैसे बहरापन, थायरॉइड, कान के पर्दे (झिल्ली) में छेद, टॉन्सिल, टेढ़ी नाक की हड्डी, नाक में मस्सा व साइनस तथा हड्डी एवं जोड़ रोग (ऑर्थो और स्पाइन) के अंतर्गत पीठ-कमर दर्द, फैक्चर, गठिया, कूल्हे की समस्या और जोड़ प्रत्यारोपण से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उपचार प्रदान किया गया। शिविर के दौरान कुल 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इनमें से 28 मरीजों की आवश्यक एक्स-रे जांच चौहान एक्सप्रेस क्लिनिक द्वारा पूरी तरह नि :शुल्क की गई। इस अवसर पर जीसीएस हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक, सेन समाज मंदसौर की कार्यकारिणी के पदाधिकारी, नंद सेवा समिति व 'भलाई की सप्लाई' टीम के सदस्य, नगर के गणमान्य नागरिक, एसपी हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मुकेश चौहान द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन दयाराम चौहान ने किया। इस विशेष अवसर पर नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा का राज्यसभा सांसद गुर्जर के निवास पर किया स्वागत



**मंदसौर।** कल सोमवार को म.प्र. शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर व नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के निवास स्थान पर आगमन हुआ। इस मौके पर भाजपा मंदसौर संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, शिवराजसिंह राणा भी उनके साथ थे। राज्यसभा सांसद गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने श्री देवड़ा को बुके भेंटकर व दुपट्टा ओढ़ाकर उनका स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा के पिपलियामंडी मण्डल अध्यक्ष राकेश गोयल, भाजपा किसान मोर्चा के नेता देवीलाल गुर्जर, भाजपा नेता शिवनारायण गुर्जर, हितेश गुर्जर, राजेश गुर्जर, पप्पूसिंह झाला, कन्हैयालाल सोनगरा आदि भी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने राज्यसभा सांसद गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की।

# पहली बारिश में अमृत योजना की रोड पानी-पानी

- जलभराव और कीचड़ से बिगड़े हालात, दो दर्जन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने का दावा, कांग्रेस नेता ने प्रशासन पर साधा निशाना



**मंदसौर।** शहर के वार्ड क्रमांक 39 स्थित गांधी नगर क्षेत्र में अमृत योजना के तहत चल रहे सीवरेज निर्माण कार्य की स्थिति पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। रविवार को हुई बारिश के बाद क्षेत्र की कई सड़कें जलभराव और कीचड़ से भर गईं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर सड़कें पूरी तरह पानी में डूब गईं और गड्ढे नजर नहीं आने से दुर्घटनाओं की स्थिति भी बनी।

इस संबंध में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुनील बसेर ने प्रशासन एवं निर्माण एजेंसी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि करीब छह माह पूर्व अमृत योजना के अंतर्गत गांधीनगर में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था। उस समय दावा किया गया था कि क्षेत्र का कार्य दो माह में पूरा कर लिया जाएगा तथा दो वर्षों में पूरे शहर को योजना का लाभ मिलेगा, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है। बसेर का आरोप है कि सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़कों को कई स्थानों से खोद दिया गया, लेकिन इसके बाद न तो सड़कों की मरम्मत की गई और न ही पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया गया। इससे क्षेत्रवासियों को रोजमर्रा के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को हुई पहली बारिश के बाद पूरे क्षेत्र में जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई। सड़कें पानी में डूब जाने से गड्ढे दिखाई नहीं दिए, जिसके कारण उनके अनुसार करीब 20 से 25 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुए और कई लोगों को चोटें आईं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारी जलभराव के कारण चार पहिया वाहनों का आवागमन भी प्रभावित हुआ।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ने कहा कि अधूरे निर्माण कार्य के कारण क्षेत्र के नागरिकों को लगातार परेशानी उठानी पड़ रही है और लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सीवरेज निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए तथा खोदी गई सड़कों की तत्काल मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## आंधी-तूफान में उजड़ा मजदूर का घर पीएमएवाय में आवास देने की मांग

**पिपलियामंडी।** क्षेत्र में रविवार शाम आई तेज आंधी, तूफान और बारिश ने जहां किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी, वहीं ग्राम लुनाहेड़ा निवासी मजदूर हरीश पिता दुर्गाशंकर तिवारी के परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। तेज आंधी के चलते उनके मकान की टीन की चद्दरें उड़कर करीब 100 मीटर दूर जा गिरीं। घर में रखा पंखा, कूलर, गैस सिलेंडर सहित खाद्यान्न और घरेलू उपयोग का अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी अनुसार घटना में एक लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। हरीश तिवारी पत्नी अंजूबाई और दो नाबालिग बच्चों के साथ मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मकान क्षतिग्रस्त होने से परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। घटना की जानकारी मिलने पर जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा एवं कांग्रेस नेता किशोर उणियारा सोमवार को लुनाहेड़ा पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया। हरीश तिवारी ने बताया कि वर्षों की मेहनत से बनाया गया उनका आशियाना कुछ ही मिनटों की आंधी में पूरी तरह उजड़ गया। इस पर अनिल शर्मा ने अनुविभागीय अधिकारी स्वाति तिवारी से मोबाइल पर चर्चा कर पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलाने की मांग की। मकान पूरी तरह नष्ट होने से हरीश तिवारी की पत्नी अंजू बाई का रो-रोकर बुरा हाल था। कांग्रेस नेताओं ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## अभिनंदन क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग, विधायक ने एसपी को लिखा पत्र

**मंदसौर।** विधायक विपिन जैन ने पुलिस अधीक्षक, मंदसौर को पत्र लिखकर शहर के अभिनंदन क्षेत्र (पटरी पार) में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या, लगातार हो रहे क्षेत्रीय विस्तार तथा अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यहां पुलिस चौकी की स्थापना समय की आवश्यकता बन गई है।

विधायक जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि अभिनंदन क्षेत्र एवं आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों द्वारा लंबे समय से पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की जा रही है। क्षेत्र में आए दिन चोरी, मारपीट, झगड़े तथा अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायतें सामने आती रहती हैं। वर्तमान में इस क्षेत्र से संबंधित पुलिस थानों की दूरी अधिक होने के कारण समय पर पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में कठिनाई आती है, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अभिनंदन क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित की जाती है तो अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा, पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी तथा क्षेत्रवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। विधायक विपिन जैन ने पुलिस अधीक्षक से अभिनंदन क्षेत्र में शीघ्र पुलिस चौकी स्थापित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया जिला अस्पताल के पोरवाल वार्ड का निरीक्षण

**मंदसौर।** अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने आज मंदसौर जिला चिकित्सालय में स्थित पोरवाल वार्ड का निरीक्षण किया। उनके साथ अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया, रामगोपाल घाटिया, जगदीश घाटियां, रामगोपाल गुप्ता इंजीनियर संजय धनोतिया, राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया, देवेंद्र मरचया, संजय पोरवाल, सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि लगभग 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्मित पोरवाल वार्ड का निर्माण अ. भा. पोरवाल महासभा के तात्कालीन अध्यक्ष डा रामबिलास संघवी, शामगढ़ के अध्यक्षीय कार्यकाल में, निर्माण समिति संयोजक स्वर्गीय बद्रीलाल कोठारी (बसई वाले) के नेतृत्व में गांव-गांव से समाजजनों का सहयोग एकत्रित कर कराया गया था। वर्ष 2014 में इस वार्ड का भव्य लोकार्पण हुआ था। इस वार्ड में छह आधुनिक कक्ष, डबल बेड, शौचालय एवं स्नानगृह सहित सभी आवश्यक सुविधाएं समाज द्वारा तैयार कर शासन को समर्पित की गई थीं, ताकि जरूरतमंद मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा मिल सके। विगत कुछ समय से जिला चिकित्सालय द्वारा इस वार्ड का उपयोग मरीजों के लिए नहीं किया जा रहा था तथा इसे कबाड़ सामग्री रखने के स्थान के रूप में उपयोग किया जा रहा था।

इस स्थिति की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला चिकित्सालय प्रशासन से चर्चा की तथा समाजजनों के साथ वार्ड का निरीक्षण कर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी कक्षों को तत्काल खाली कर आमजन के उपचार हेतु उपलब्ध कराने की मांग की। इसी क्रम में आज राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने जिला चिकित्सालय के सीएमएचओ डॉ. एल. जी. रावत से विस्तृत चर्चा की।

## हूमड़ जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी ने किया पदभार ग्रहण, परिचय कार्यक्रम भी हुआ

**मंदसौर।** हूमड़ जैन समाज मन्दसौर की नवीन कार्यकारिणी के दायित्व ग्रहण एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन पार्श्वमणि बंडीजी का बाग में हूम? समाज के परम सरंक्षक पं. विजय कुमार गाँधी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को हूम? समाज के सचिव प्रवीण मिंडा द्वारा णमोकार महामंत्र के साथ प्रारम्भ करते हुए कार्यक्रम के बारे में पूर्ण जानकारी दी एवं मंच संचालन के लिए हूमड़ समाज के अध्यक्ष दीपक भूता को आमंत्रित किया।

दीपक भूता ने दायित्व ग्रहण समारोह के पूर्व मंदिर प्रांगण में बन रहे संत निवास के बारे में विस्तृत जानकारी दी, आपने बताया कि संत निवास का निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। समाज का कोई भी कार्य बिना समाज सहयोग के संभव नहीं होता। आपने संत निवास में चल रहे निर्माण कार्य की पूर्ण जानकारी देते हुए प्रत्येक कमरे, हाल, आहार कक्ष आदि में आर्थिक सहयोग के लिये समाजजनों से निवेदन किया एवं प्रत्येक कमरे, हाल, आहार कक्ष स्टोर रूम सहित आदि के खर्च की सहयोग राशि के बारे में सदन में अवगत कराया। इस अवसर पर दीपक कुमार भूता परिवार द्वारा आहार कक्ष एवं स्टोर रूम में आर्थिक सहयोग के लिये घोषणा की, जिसका सदन ने हर्षोल्लास से भूता परिवार का बहुमान किया। इसी प्रकार रमेश पंचोली परिवार द्वारा एक कमरे में आर्थिक सहयोग की घोषणा की जिसका भी सदन ने पंचोली परिवार का स्वागत एवं बहुमान किया। नवीन कार्यकारिणी के समस्त महिला/पुरुष पदाधिकारियों का तिलक, माला, दुपट्टा पहनाकर हूमड़ समाज के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया एवं समाज के परम सरंक्षक पं. विजय कुमार गांधी ने अध्यक्ष दीपक कुमार भूता, महामंत्री निर्मल मेहता, उपाध्यक्ष सर्वश्री शरद गाँधी, सनत गाँधी, राकेश दोशी, संदीप मेहता, सचिव प्रवीण मिंडा, कोषाध्यक्ष महावीर जैन कोटड़िया, सरंक्षकगण, परामर्शदाताओं, सहमंत्री, सहसचिव, सह कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी एवं संचालक मंडल पदाधिकारियों को देव, शास्त्र, गुरु को साक्षी मानकर समाज कल्याण एवं पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। आभार सचिव श्री प्रवीण मिंडा ने व्यक्त किया एवं कार्यक्रम के पश्चात् प्रभावना दीपक भूता परिवार द्वारा वितरित की गई।



# नीमच

### एक नजर में

## घर के बाहर खड़ा महिंद्रा ट्रैक्टर और बुआई मशीन चोरी कर ले गए बदमाश, क्षेत्र में हड़कंप

**मनासा।** ग्राम भाटखेड़ी में रविवार देर रात अज्ञात चोर घर के बाहर खड़ा महिंद्रा 575 ट्रैक्टर बुआई मशीन सहित चोरी कर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम भाटखेड़ी निवासी किसान गोविंद पिता राधेश्याम पाटीदार ने रोजाना की तरह अपना महिंद्रा 575 ट्रैक्टर शेषावतार मंदिर के सामने स्थित घर के बाहर खड़ा किया था। सोमवार सुबह जब वे बाहर आए तो ट्रैक्टर गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। पुलिस को एक कैमरे की फुटेज में रात करीब 1रू15 बजे दो अज्ञात युवक ट्रैक्टर के पास आते दिखाई दिए। दोनों ट्रैक्टर स्टार्ट कर कच्चे रास्ते से अल्हेड़ रोड की ओर जाते हुए नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि नयापुरा एवं जमुनिया रावजी रोड क्षेत्र में स्थानीय युवाओं द्वारा प्रतिदिन रात्रि गश्त की जाती है, लेकिन घटना वाली रात गश्त नहीं होने का फायदा चोरों ने उठाया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## पहली बार होगा इस्कॉन का श्री जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा महोत्सव, आज होगा भव्य आयोजन



**नीमच।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में नीमच शहर में पहली बार श्री जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन सोमवार, 29 जून को किया जाएगा। यह ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन माहेश्वरी भवन, वीर पार्क रोड, नीमच में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5 बजे भगवान श्री जगन्नाथ के स्वागत एवं पांडु विजय कीर्तन के साथ होगा। इसके बाद शाम 5 :15 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष अभिषेक एवं आरती संपन्न होगी। कार्यक्रम के अगले चरण में शाम 7 :15 बजे श्री जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा की महिमा पर विशेष कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इस पावन पर्व के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।

# सीएम डॉ .यादव ने सिंगल क्लिक पर किया सोलर पार्क का लोकार्पण

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी की उपस्थिति में नीमच में कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से 2080 करोड़ रूपये की लागत के 500 नीमच और 450 मेगावॉट शाजापुर सोलर पार्क का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 1553.98 करोड़ रूपये लागत के 38 उद्योगों एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को सौगातें भी दीं। मुख्यमंत्री जी ने सोलर पावर यूनिट एवं उद्योग स्थापित करने वाली कंपनियों के धानुका बायोटेक नीमच एवं बाबजी ग्रुप नीमच के नव निवेशकों व पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।




मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विभिन्न योजनाओं के 9 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इसके पहले मुख्यमंत्री जी ने विभागों और उद्योगो द्वारा लगाई गई विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही जिले में चलाए गए पिंक अभियान के तहत छात्राओं को नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट भी प्रदान किए। इस मौके पर केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, प्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशी लाल गुर्जर, विधायक जावद ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार, विधायक मनासा अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिह चौहान, सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मंचासीन थे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपने उदबोधन में कहा, कि नीमच की पावन धरा ने इस प्रदेश को दो मुख्यमंत्री दिए है। नीमच में सूर्य पर आधारित सौलर एनर्जी के बडे प्रोजेक्ट प्रारंभ हो चुके है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रदेश में नई क्रांति आई है:** मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा, कि देश एवं प्रदेश में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जल संरक्षण का अभियान चल रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रदेश में एक नई क्रांति आई है। जल संरचनाओं के निर्माण पर 10 हजार करोड की राशि प्रदेश में इस वर्ष खर्च की गई है।

**देश को सबसे सस्ती बिजली नीमच से मिल रही है:** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा, कि सूर्य आधारित सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन में नीमच प्रदेश में सौर ऊर्जा का हब बन कर उभरा है। नीमच जिले से देश को सबसे सस्ती बिजली 2.14 रूपये प्रति यूनिट नीमच से मिल रही है।

### स्किल का अपने कार्य स्थल पर उचित उपयोग

देश में सबसे तेज गति से रोजगार देने वाला राज्य है मध्यप्रदेश। मुख्यमंत्री ने कहा, कि बोर्ड परिक्षाओं में भी नीमच ने टापटेन में शामिल होकर, प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए नीमच जिले के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा, कि प्रदेश में रोजगार आधारित कामो को बढावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। देश में सबसे तेज गति से रोजगार देने वाला राज्य है, मध्यप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव ने कहा, कि जावरा से उज्जैन भोपाल तक एक नया फोरलेन बनने वाला है।

## चार डोडाचूरा तस्करों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जितेन्द्र कुमार बाजोलिया द्वारा टाटा मैजिक टैम्पो में 111.150 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले चार आरोपियों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

जानकारी अनुसार आरोपियों में अशोक पिता मांगीलाल मीणा (45), दिनेश पिता रामलाल मीणा, (45), गणेश पिता लच्छीराम (50) तथा मोटरसायकल से पायलेटिंग करने वाले एक आरोपी (4) गणपत पिता केषुराम मीणा (30) सभी निवासी-ग्राम कुलथाना, थाना हतुनिया, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 01-01 लाख अर्थदण्ड भी लगाया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेष कुमार सोमपुरा ने बताया कि घटना 05.11.2024 को रात्री के 10-11 बजे बिलसरी-कुलथाना रोड़ की हैं। कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की टाटा मैजिक टैम्पू में ग्राम कुलथाना क्षेत्र से लोग राजस्थान के मेवाड़ क्षैत्र से आये किसी व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी बिलेसरी-कुलथाना रोड़ पर होना हैं। इस पर कार्रवाई की गई।

### एक नजर — जीटो एमपीसीजी झोन के अंतर्गत किया कार्यक्रम

## नीमच में 10वें यूथ विंग का शुभारंभ, युवाओं ने ली शपथ

**नीमच। जीटो एमपीसीजी ज़ोन के तत्वावधान में नीमच में 10वें यूथ विंग का भव्य शुभारंभ एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उत्साह, ऊर्जा और युवा नेतृत्व से सराबोर यह आयोजन संगठन के विस्तार और युवाओं की नई भागीदारी का साक्षी बना।**




कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जैन, जीटो एपेक्स डायरेक्टर एवं एमपीसीसी ज़ोन चेयरमैन हितेंद्र मेहता, एमपीसीसी ज़ोन चीफ सेक्रेटरी दिलीप सी. जैन, एपेक्स यूथ विंग वाइस चेयरमैन सुचेक अंचलिया, एमपीसीजी ज़ोन यूथ विंग कन्वीनर प्रखर मेहता, जीटो मंदसौर चैप्टर चेयरमैन अंकित कीमती, चीफ सेक्रेटरी विकास भंडारी, लेडीज़ विंग चेयरपर्सन अमीषी कीमती, लेडीज़ विंग चीफ सेक्रेटरी दिव्या चोरड़िया, जीटो नीमच लेडीज़ विंग चेयरपर्सन रिंकू राठौर, चीफ सेक्रेटरी मित्ताली जैन तथा जीटो मंदसौर यूथ विंग चेयरमैन समर गांधी, चीफ सेकेटरी सम्यक जैन, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में जावद विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने युवाओं को संबोधित करते हुए नेतृत्व क्षमता विकसित करने, समाजसेवा से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और सकारात्मक सोच समाज में परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बन सकती है। करीब 30 युवा सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, जबकि 200 अतिथियों, पदाधिकारियों, सदस्यों की उपस्थिति रही।